# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक: 21.12.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत–जी राम जी विधेयक को मनरेगा का बेहतर रूप बताया।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महिलाओं से विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।**
- **केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा–अरावली पर्वत माला पूरी तरह संरक्षित और सुरक्षित है।**
- **गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया।**

000

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत–जी राम जी विधेयक को मनरेगा का बेहतर रूप बताते हुए कहा कि यह गरीबों के हित में है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस विधेयक में ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को सौ दिन के बजाए सवा सौ दिन के रोज़गार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने बताया कि इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि कोई रोज़गार न मिलने की स्थिति में, बेरोज़गारी भत्ता दिया जाएगा और मजदूरी देर से मिलने पर अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा।

**000**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महिलाओं से विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। श्री शर्मा आज जयपुर में आयोजित लखपति दीदी राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने महिलाओं से प्रदेश की तकदीर को बदलने के लिए आगे आने को कहा।

....................

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य सरकार की योजनाओं की लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। उन्होंने लखपति दीदियों टैबलेट भी बांटे।

000

वर्तमान राज्य सरकार के दो साल का कार्यकाल के पूरा होने के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय मैराथन जयपुर में अमर जवान ज्योति से शुरू हुई। जिसे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में बड़ी संख्या में स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मौके पर श्री शर्मा ने युवाओं से विकसित राजस्थान के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सिरोही ज़िले में जिला स्तरीय रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन मांउट आबू में किया गया। कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। सवाईमाधोपुर, जोधपुर, फलौदी, बाड़मेर, डीग, बांरा और ब्यावर ज़िलों में भी रन फॉर विकसित राजस्थान रखी गयी।

000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल फिट इंडिया के संडेज ऑन साइकिल्स अभियान की पहली वर्षगांठ आज पुदुचेरी में मनाई गई। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने रैली को रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा है कि संडे ऑन साइकिल अब लोगों के बीच एक जुनून और संस्कृति बन गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को प्रदूषण कम करने के लिए साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करता है। इस पहल की शुरुआत पांच स्थानों पर पांच सौ प्रतिभागियों के साथ शुरू हुई थी, लेकिन अब इसे देश भर में करीब आठ हजार स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है।

000

केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि अरावली पर्वत माला संरक्षित और सुरक्षित है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के सुन्दर वन टाईगर रिजर्व में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अरावली के एक लाख चवालीस हजार वर्ग किलामीटर क्षेत्र में से केवल शून्य दशवलव 19 प्रतिशत हिस्से में ही खनन की पात्रता हो सकती है।

000

राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर राष्ट्रीय पहल ''लाइफ स्टाईल फोर एनवायरमेन्ट लाइफ'' के तहत ई वेस्ट संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कोटपुतली बहरोड़ कार्यालय की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान को लेकर क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा ने बताया कि इसका उद्देश्य ई–कचरे का वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रबन्धन करना है।

000

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा है कोटा में शिक्षा क्षेत्र को और मजबूत करने की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। श्री बिरला ने आज कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंन कहा की कोटा को उच्च शिक्षा और टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित किया जायेगा।

**000**

गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल –बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट मिलेगी, जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी।

000

प्रदेश के पूर्व सैनिकों को सरकारी विभागों में नौकरियां दिलवाने की दिशा में राज्य सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। जयपुर में राजस्थान एक्स सर्विसमैन कॉरपोरेशन मुख्यालय में पूर्व सैनिक परामर्श और सुविधा केंद्र स्थापित किया जायेगा। इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। केन्द्र पर सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिकों को सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी करायी जायेगी।

000

प्रदेश में आज जयपुर सहित कई स्थानों पर बादल छाए रहे इससे लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली। वही सुबह कई स्थानों पर घना कोहरा भी रहा। बीते 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान चित्तौड़गढ़ में रहा। वहीं सीकर के फतेहपुर में रात का पारा बढ़कर 8 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। बारां, दौसा, चूरू, श्रीगंगानगर और सिरोही में भी रात के तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रिकॉर्ड हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज और कल न्यूनतम तापमान में ख़ास बदलाव नही होने के आसार है। इसके बाद 23 दिसम्बर से तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने की संभावना है।

000

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स को लेकर दुनियाभर से ज़ायरीन के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। अकीदतमंदों के लिए जन्नती दरवाज़ा खोल दिया गया है। इससे पहले कल मजार शरीफ की खिदमत के दौरान संदल उतारने की रस्म पूरी की गई इसके साथ ही अन्य रस्म भी धार्मिक परम्परा से पूरी हुई। उर्स कन्वीनर सैयद हसन हाशमी ने बताया कि रजब का चांद दिखाई देने पर आज से उर्स की औपचारिक शुरूआत होगी। उधर उर्स के मद्देनजर यातायात पुलिस ने आमजन और जायरीन से मेला अवधि के दौरान दुपहिया वाहनों के उपयोग और उन्हें भी तय पार्किंग में खड़ा करने का आग्रह किया है।

000

रेल किराए को इस महीने की 26 तारीख़ सयुक्तिसंगत बनाया जा रहा है। सामान्य श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से बढोतरी की जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर 2 पैसे प्रति किलोमीटर होगी। उप–नगरीय इलाक़ों और मासिक सीजन टिकट के किराए को नही बढाया गया है। रेलवे के अनुसार, किराए में बढोतरी से लगभग 6 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

000